## जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं की भरमार

# बुजुर्गों और दिव्यांगों के साथ हो रही खुली लापरवाही, जिम्मेदार बैठे मौन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा



जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल, जहां लोगों को राहत और इलाज की उम्मीद लेकर आना चाहिए, वहीं अब अव्यवस्था और लापरवाही का अड्डा बनता जा रहा है। यहां व्यवस्थाएं केवल कागजों और दिखावे तक सीमित नजर आ रही हैं, जबकि हकीकत में मरीजों खासतौर पर बुजुर्गों, दिव्यांगों और महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ताजा मामला एक 73 वर्षीय बुजुर्ग से जुड़ा है, जो दवाई लेने अस्पताल पहुंचे थे। सरकार और प्रशासन द्वारा विशेष रूप से बनाए गए "वृद्धजन काउंटर" पर जब वे पहुंचे, तो वहां कोई कर्मचारी मौजूद ही नहीं था। मजबूरी में जब उन्होंने अन्य काउंटर से दवाई लेने की कोशिश की, तो वहां मौजूद स्टाफ ने उन्हें साफ शब्दों में कह दिया "लाइन में लगकर आइए।" सवाल यह उठता है कि जब अलग से वृद्धजन काउंटर बनाया गया है, तो उसका उद्देश्य क्या है? क्या यह सिर्फ दिखावे के लिए है?

यह कोई एक दिन की घटना नहीं है। अस्पताल आने वाले कई बुजुर्गों और दिव्यांगों का कहना है कि वृद्धजन काउंटर पर कभी-कभार ही दवाई मिलती है, वह भी नियमित रूप से नहीं। अधिकतर समय उन्हें लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ता है, जो उनकी उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए बेहद तकलीफदेह है। इससे साफ जाहिर होता है कि अस्पताल प्रबंधन इन संवेदनशील वर्गों की जरूरतों के प्रति पूरी तरह उदासीन है।

दवा वितरण केंद्र की स्थिति भी बदहाल है। यहां पर्याप्त स्टाफ की भारी कमी नजर आती है, जिसके चलते मरीजों की भीड़ संभालना मुश्किल हो जाता है। नतीजा अव्यवस्था, धक्का-मुक्की और घंटों इंतजार। ऐसे में बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग सबसे ज्यादा पीड़ित होते हैं। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील और जिम्मेदार प्रशासन के लिए शर्मनाक होनी चाहिए।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि अस्पताल में बैठे जिम्मेदार अधिकारी इस अव्यवस्था से पूरी तरह अनजान नहीं हैं, फिर भी कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आते। क्या यह लापरवाही जानबूझकर की जा रही है? या फिर सिस्टम इतना सुस्त हो चुका है कि आम आदमी की पीड़ा अब किसी को दिखाई ही नहीं देती?

सरकार एक ओर बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए योजनाएं और सुविधाएं देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर उन सुविधाओं का मजाक उड़ाया जा रहा है। वृद्धजन काउंटर जैसी व्यवस्था तभी सार्थक होगी जब वहां नियमित रूप से स्टाफ मौजूद रहे और बुजुर्गों को बिना लाइन में लगे सम्मानपूर्वक दवाई मिल सके।

### अस्पताल के कर्मचारी नहीं निभा रहे जिम्मेदारी

इस मामले में जिला अस्पताल प्रशासन की जवाबदेही तय होना बेहद जरूरी है। जो कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही दवा वितरण केंद्र पर स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। यह केवल एक बुजुर्ग की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे सिस्टम की पोल खोलने वाला मामला है। अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो यह अव्यवस्था किसी बड़ी समस्या का कारण बन सकती है। पत्रकारों और जागरूक नागरिकों से भी अपील है कि इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएं और प्रशासन व सीएमओ तक पहुंचाएं, ताकि जिम्मेदारों की नींद टूटे और व्यवस्था में सुधार हो सके। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक चुप्पी साधे रहता है, या फिर कोई ठोस कदम उठाकर बुजुर्गों और जरूरतमंदों को राहत देने की दिशा में काम करता है। फिलहाल तो छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में व्यवस्था के नाम पर केवल दिखावा ही नजर आ रहा है, और आम जनता उसकी कीमत चुका रही है।



## शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था

# बाजारों में जाम से जनता बेहाल, समाधान की दरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों गंभीर समस्या बनती जा रही है। खासकर रविवार की शाम को शहर के प्रमुख बाजारों में हालात इतने खराब हो जाते हैं कि लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। अव्यवस्थित ट्रैफिक, संकरी सड़कें, अतिक्रमण और पार्किंग की कमी ने मिलकर शहर की यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है।

रविवार को शहर के मुख्य बाजारों में भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ जाता है। लेकिन इसके बावजूद न तो यातायात को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नजर आती है और न ही कोई दीर्घकालिक योजना दिखाई देती है। परिणामस्वरूप शहर के कई प्रमुख मार्गों पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है।

शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में फव्वारा चौक से लेकर छोटी बाजार तक का इलाका इन दिनों जाम का स्थायी केंद्र बन चुका है। यहां शाम होते ही वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इसी तरह अनगढ़ हनुमान मंदिर से लेकर पोस्ट ऑफिस होते हुए बुधवारी बाजार तक भी रोजाना जाम की स्थिति देखने को मिलती है। इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही इतनी अधिक हो गई है कि कभी-कभी एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी फंस जाते हैं, जो चिंता का विषय है।

यातायात विशेषज्ञों का मानना है कि इन मार्गों की संरचना और चौड़ाई के हिसाब से यहां दोतरफा यातायात का संचालन व्यावहारिक नहीं है। इसके बावजूद इन सड़कों पर बिना किसी नियंत्रण के सभी प्रकार के वाहन दौड़ रहे हैं। खासकर फोर व्हीलर वाहनों की आवाजाही ने स्थिति को और भी खराब कर दिया है। संकरी सड़कों पर जब चार पहिया वाहन प्रवेश करते हैं, तो ट्रैफिक पूरी तरह रुक जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है।

एक और बड़ी समस्या पार्किंग व्यवस्था का अभाव है। बाजार क्षेत्रों में कहीं भी व्यवस्थित पार्किंग स्थल नहीं होने के कारण लोग अपने दोपहिया वाहन दुकानों के सामने ही खड़े कर देते हैं। इससे सड़क का आधा हिस्सा घिर जाता है और बाकी जगह से वाहन निकालना मुश्किल हो जाता है। कई जगहों पर तो दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी इस समस्या को और बढ़ा रहा है।

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि प्रशासन इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। समय-समय पर यातायात सुधार के नाम पर केवल औपचारिक कार्रवाई की जाती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जबकि स्थिति दिन-ब-दिन और बिगड़ती जा रही है।

लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है। खासकर त्योहारों और विशेष अवसरों पर स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब बाजारों में भीड़ कई गुना बढ़ जाती है।विशेषज्ञों और नागरिकों ने इस समस्या के समाधान के लिए कुछ सुझाव भी दिए हैं।

# उपार्जन केंद्रों में बारदाने, साफ-सफाई, पेयजल, छाया की हो पर्याप्त व्यवस्थाः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पी.राजौदिया सहित जिला प्रशासन व सभी विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त सभी एसडीएम और विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, न्यायालयीन प्रकरणों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। विभिन्न अंतर्विभागीय विषयों पर भी चर्चा हुई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने सभी शिकायतों एवं पत्रों का समय सीमा के अंदर एवं शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभिन्न रिक्त प्रकरणों में उन्होंने प्रतिवेदन और फोटोग्राफ्स का अवलोकन भी किया और संतुष्टिपूर्ण पाए जाने पर प्रकरण नस्तीबद्ध करने के निर्देश दिए।

### सभी उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध हो आवश्यक सुविधाएं

कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि जिला स्तरीय उपार्जन समिति द्वारा जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 84 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। किसानों से गेहूं उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाना है। यह कार्य सप्ताह में पांच दिन (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक संचालित होगा, जबकि तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जाएगी। जिन किसानों की तौल अपरिहार्य कारणों से सोमवार से शुक्रवार के बीच नहीं हो पाएगी, उनकी तौल शनिवार को की जाएगी। सुचारू उपार्जन कार्य के लिए प्रत्येक विक्रय केंद्र के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और नोडल अधिकारी, उपार्जन केंद्रों का विजिट कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## "शासकीय महाविद्यालय दमुआ में विविध कार्यक्रमों की धूम, जागरूकता का संदेश"

**दमुआः** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनजागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती, नारी शक्ति वंदन सम्मेलन 2026 एवं जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 को एक साथ मनाया गया, जिससे महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ।यह संपूर्ण आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों के स्मरण के साथ हुई। वक्ताओं ने उनके सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी।इसके पश्चात नारी शक्ति वंदन सम्मेलन 2026 के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को वेब लिंक के माध्यम से महाविद्यालय में प्रोजेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं समाज में उनकी भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं में विशेष उत्साह देखा गया।साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों के लिए निबंध, पोस्टर, भाषण एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण एवं जल संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया।

## ग्वारीमाल एवं डोकली में 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के तहत जनसंपर्क कार्यक्रम संपन्न



**बिछुआ।** भाजपा मंडल बिछुआ में संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत सोमवार को ग्राम डोकली एवं ग्वारीमाल में व्यापक जनसंपर्क एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करना, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा उनके क्रियान्वयन की स्थिति का फीडबैक प्राप्त करना रहा,इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का स्वागत भी किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर,नगर परिषद उपाध्यक्ष मंगलेश दूबे,युवा मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम पवार,वरिष्ठ नेता भोजेलाल वर्मा,अयोध्या सोनी,किसान मोर्चा अध्यक्ष हिम्मत राम सोनी,रजत वानखेड़े,वरिष्ठ नेता ओमसिंह वर्मा,अशोक विश्वकर्मा,श्रीपाल करपे,विजय सिंह पटेल,सुरेश मालवीय,जितेंद्र मरकाम,चंद्रभान रघुवंशी,जबरसिंह वानखेड़े,दिलीप मालवीय, श्री रामराज वर्मा,श्री सुरेश खुबले, इमानसिंग वर्मा, दिलीप वर्मा,भूमा वर्मा,ऊदल वर्मा,गोपाल वर्मा, चेनसिंग वर्मा, संतोष वर्मा, देवचंद पराड़कर,हरलाल पहाड़े, अजय उईके,सोहन वर्मा, भजनलाल वर्मा, गोविंद वर्मा, सरमन वर्मा, रंजीत वर्मा, संतोष पटेल,एवं अन्य ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित किया और उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं— जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान कल्याण योजना, महिला सशक्तिकरण योजनाएं एवं रोजगार संबंधी योजनाओं—की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही लाभार्थियों से सीधा संवाद कर योजनाओं के प्रभाव एवं क्रियान्वयन की स्थिति का भी आकलन किया गया।कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वरिष्ठ एवं पुराने कार्यकर्ताओं के अनुभव साझा करना रहा।

# निगम परिषद की बैठक में 305 करोड़ के बजट को मिली हरी झंडी

## 'नारी शक्ति वंदन' सहित सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से हुए पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



नगर पालिक निगम परिषद की बैठक सोमवार को आयोजित की गई, जो दो घंटे से अधिक समय तक चली। बैठक में महापौर विक्रम सिंह अहके, निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनू मागो, आयुक्त सी.पी. राय, उपायुक्त कमलेश निर्गुणकर, निगम सचिव मोहन नागदेव सहित पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।बैठक का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद 'नारी शक्ति वंदन' प्रस्ताव सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया।

महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। यह प्रस्ताव मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पारित किया गया।वित्तीय वर्ष 2026-27 का 305 करोड़ 95 लाख रुपये का बजट परिषद में प्रस्तुत किया गया, जिसमें 305 करोड़ 94 लाख रुपये के व्यय का प्रावधान रखा गया है। बजट में 15 हजार रुपये का अनुमानित लाभ दर्शाया गया है। इसमें 154.59 करोड़ रुपये राजस्व आय और 151.35 करोड़ रुपये पूंजीगत आय शामिल है। बजट के तहत अमृत 2.0 योजना में 180 किलोमीटर जल पाइपलाइन बिछाने और 5 नई पानी की टंकियों के निर्माण हेतु 75 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा दो नई जेसीबी मशीनों की खरीद और 2 करोड़ रुपये की लागत से फायर स्टेशन निर्माण का प्रस्ताव भी पारित हुआ।परिषद ने ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण को भी मंजूरी दी, जिसके लिए सारसवाड़ा और माल्हनवाड़ा में लगभग 198550 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई है। इसके विकास के लिए 4692.49 लाख रुपये की डीपीआर तैयार की गई है।इसके साथ ही चंदनगांव बोदरी पुल के पास निगम भूमि को लीज पर देने और जामुनझिरी क्षेत्र में बस टर्मिनल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स एवं इंटीग्रेटेड टाउनशिप निर्माण के लिए 11.003 हेक्टेयर भूमि आवंटन को भी स्वीकृति दी गई।सभी प्रस्तावों के सर्वसम्मति से पारित होने के साथ ही शहर में आधारभूत संरचना और विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई है।

### कचरा टैक्स घटाने का प्रस्ताव परिषद से गायब, नगर निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल!

शहर में कचरा टैक्स को लेकर नगर निगम छिंदवाड़ा की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नगर निगम की एमआईसी (मायनॉरिटी इन काउंसिल) बैठक में कचरा टैक्स को 1200 रुपए से घटाकर 600 रुपए करने का प्रस्ताव पारित किए जाने की जानकारी सामने आई थी, जिससे आम नागरिकों को राहत की उम्मीद जगी थी। हालांकि, सोमवार को आयोजित नगर निगम परिषद की बैठक में यह प्रस्ताव प्रस्तुत ही नहीं किया गया। बैठक में मौजूद कुछ पार्षदों ने इस पर सवाल उठाते हुए स्पष्टता की मांग की। सूत्रों के अनुसार, निगम अधिकारियों की ओर से यह तर्क दिया गया कि कचरा टैक्स से संबंधित निर्णय शासन स्तर का विषय है, इसलिए परिषद में इसे शामिल नहीं किया गया। इस स्पष्टीकरण के बाद मामले को लेकर और अधिक भ्रम की स्थिति बन गई है। इस पूरे घटनाक्रम ने शहर के निवासियों के बीच असमंजस पैदा कर दिया है। नागरिकों का कहना है कि यदि प्रस्ताव लागू होना ही नहीं था, तो इसे पहले सार्वजनिक क्यों किया गया। वहीं, कुछ जनप्रतिनिधियों ने भी बैठक के दौरान इस मुद्दे पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए पारदर्शिता की आवश्यकता पर जोर दिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कचरा टैक्स में कमी का प्रस्ताव भविष्य में लागू होगा या नहीं। नगर निगम की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक और स्पष्ट घोषणा सामने नहीं आई है।

## भाजपा ने स्वच्छता अभियान चलाकर किया दीप प्रज्वलन

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे हैं। आंबेडकर जयंती कार्यक्रम के जिला संयोजक अभिलाष गोहर, सहसंयोजक राकेश माइकल पहाड़े एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लोकेश डेहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर नगर के अंबेडकर चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के उपरांत प्रतिमा के समीप दीप प्रज्वलित किए गए। दीप प्रज्वलन के दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती गुंजन चौकसे, जिला महामंत्री विजय पांडे, कमलेश उइके, कार्यालय मंत्री भारत घई मौजूद रहे।

### तामिया रेंजर ने मोयापानी वन समिति के माध्यम से सुरक्षित वनोपज संग्रहण की दी जानकारी

# तामिया क्षेत्र में वन विभाग की सतर्कता से टली जनहानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया



गर्मी के मौसम में पानी की कमी के चलते वन्य जीवों के ग्रामीण क्षेत्रों की ओर आने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसी दौरान ग्रामीणों द्वारा महुआ जैसे वनोपज संग्रहण के लिए जंगलों में प्रवेश करने से वन्य जीवों के हमले की आशंका भी बढ़ जाती है। हाल ही में तामिया से लगे जंगलों में तेंदुए की मौजूदगी देखी गई है, जिससे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

तामिया रेंजर हिमांशु विश्वकर्मा के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा तेंदुए की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को मुनादी और आसपास के गांवों में बैठक आयोजित कर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विभाग की इस सक्रियता से संभावित जनहानि को टालने में सफलता मिली है।इसी बीच जंगलों में आग लगने की कुछ घटनाएं भी सामने आई हैं। वन अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समय रहते आग पर काबू पाया, जिससे बड़े नुकसान को रोका जा सका।

बीते सप्ताह बांस झुरमुट के पास सुबह के समय अज्ञात तत्व द्वारा आग लगाने की घटना सामने आई थी, लेकिन सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझा दी।वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को वन्य जीव संरक्षण एवं सुरक्षित वनोपज संग्रहण के प्रति जागरूक करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में मोयापानी वन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें सुरक्षित तरीके से जंगल जाने और वापस लौटने, अवैध कटाई रोकने तथा वनोपज के सुरक्षित संग्रहण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

वन विभाग की इस पहल से न केवल वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, बल्कि ग्रामीणों को भी सुरक्षित रखने में मदद मिल रही है।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अकेले जंगल में न जाएं, बच्चों को भी सावधानी के प्रति जागरूक करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कर्मचारी

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने की लंबित एरियर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नगर पालिका परिषद पांढुर्णा में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को शासन के आदेशानुसार बढ़े हुए वेतन का एरियर (बकाया राशि) दिलाने हेतु कर्मचारी संघ लामबंद हो गया है। सोमवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष कैलाश बावनकर के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े को एक ज्ञापन सौंपकर बकाया एरियर राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की।

यहां उल्लेखनीय है कि, शासन के आदेशानुसार नगरीय निकाय के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतन में 1 अप्रैल 2024 से वृद्धि की जानी थी। हालांकि, निकाय के कर्मचारियों को इस वेतन वृद्धि का वास्तविक लाभ 1 अप्रैल 2025 से दिया गया है।संघ के अध्यक्ष कैलाश बावनकर के नेतृत्व में आज नपा के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे को ज्ञापन प्रस्तुत कर 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की बढ़ी हुई वेतन राशि का भुगतान की मांग की। बताया गया कि एक वर्ष की देरी से वेतन वृद्धि लागू होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हुआ है। संघ ने अपील की है कि, एक वर्ष के लंबित एरियर की राशि का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

ज्ञापन सौंपते समय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश बावनकर ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद कर्मचारियों को उनके हक की राशि के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े ने कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और इस संबंध में उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।



## जरूरतमंद लोग हुए षष्ठी महोत्सव से लाभांवित



**छिंदवाड़ा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी षष्टि महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम के आसपास के ग्रामो में निवासरत हजारों जरूरतमन्दों को राशन सामग्री किट भेंट की गई। दिन भर कई धार्मिक आयोजन सम्पन हुए। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के अध्यक्ष एव राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त संजय पुन्हार, जिला पंचायत की सदस्य ललिता घोगें, जिला अन्तोदय समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष विलास घोगें मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी मुख्य अतिथियों ने आश्रम के आध्यात्मिक स्पंदन वातावरण और आश्रम की व्यवस्थित साज सज्जा एवं सेवाकार्यों की जमकर सराहना की। समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाईजी ने बताया वर्ष भर इस आश्रम से जनहित की सेवाएं संचालित होती हैं। जिसमें लाखों लोग प्रतिवर्ष लाभांवित होते हैं।यह सर्वविदित है कि मात्र पितृ पूजन दिवस और विधार्थी उज्ज्वलभविष्य निर्माण शिविर की शुरुआत छिंदवाड़ा से हुई है। सभी आये साधक भक्तों के लिए विशिष्ट भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में हजारों लोग लाभांवित होने की खबर है। इस दैवीय कार्य में समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, खजरीं आश्रम के संचालक जयराम भाई, लिंगा आश्रम की संचालिका साध्वी प्रतिमा बहन, साध्वी रेखा बहन, आशा ताई इंगले, दामोदर इंगले, रितेश इंगले, सुभाष इंगले, अशोक कराडे, नारायण ताम्रकार, तिलक सिह पन्द्राम, कैलाश राउत, बबलू सूरज प्रसाद माहोरे, रामेश्वर कर्मवीर, पी आर शेरके,, संजु कराडे, आदित्य भुसारे (लंदन) हितेश इंगले, सौम्या इंगले, वैशाली भुसारे (लंदन) महिला समिति से विमल शेरके, प्रीति सोंनारे, रुपाली इंगले, ज्योति कराडे, सुधा ताम्रकार आदि ने अपनी-अपनी सेवाएं दी।यूनाइटेड किंगडम (लंदन) से आये अप्रवासी भारतीय आदित्य भुसारे और वैशाली भुसारे चर्चा का विषय रही।

## आतिशबाजी के साथ रात्रि 12 बजे मनाया डॉ. अम्बेडकर का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



आज सौसर नगर के साथ-साथ ही ग्राम पंचायतो एवं नगर निकायों में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी का जन्म दिवस बौद्ध अनुयायियों के द्वारा विभिन्न आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। नगर में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मदिवस से 5 दिवसीय भीम महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। भीम जयंती महोत्सव पर बौद्ध विहार में महात्मा ज्योतिबा फुले जी का जन्म दिवस एवं खेलकूद, चित्रकला, रंगोली, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लेकर अपना हुनर दिखाया, डॉ बाबा साहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल के पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसारभीम महोत्सव का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध डॉ बाबासाहेब आंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले,आई रमाई के प्रतिमा को अभिवादन एवं सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ किया गया। मंडल अध्यक्ष पंकज उमाशंकर शेंडे ने बताया कि सोमवार को जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में भीम जलसा आर्केस्ट्रा के साथ आतिशबाजी के

## हनुमान लोक में 15 अप्रैल को होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह

**सौंसर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री कन्या निकाह सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन बुधवार 15 अप्रैल को सौसर क्षेत्र में किया जा रहा है। जनपद पंचायत सौसर से मिली जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवरी परिसर हनुमान लोक में मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होंगा, बुधवार सुबह 9 बजे वर वधु की उपस्थिति में पंजीयन किया जाएगा बारात प्रस्थान सुबह 11 बजे आयोजन स्थल के लिए प्रस्थान करेगी,11:30 बजे अतिथियों का स्वागत एवं संबोधन वहीं दोपहर 12 बजे वैवाहिक कार्यक्रम एवं उसके बाद में सुरुचि भोज एवं आशीर्वाद समारोह होगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री प्रद्युम ने सिंह तोमर सांसद विवेक बंटी साहू विधायक विजय चौरे, पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनार, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़,जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते,मोहगाव नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप घाटोडे, जनपद उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे, के अलावा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा नेताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान, योजनाओं की दी जानकारी



**जुन्नारदेव।** प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशन तथा भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के मार्गदर्शन में चल रहे "गांव चलो बस्ती चलो अभियान" के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों एवं बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की।अभियान के तहत ग्राम पालाचौरई, जुन्नारदेव विशाला एवं दातलावादी में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल कोषाध्यक्ष मनीष साहू, मंडल महामंत्री सपना पाल, शिवकुमार राय, गौरव सिंह, कपिल शुक्ला, अनिल पाटिल, गोपाल विश्वकर्मा सहित अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।नेताओं ने बताया कि यह अभियान 14 अप्रैल तक निरंतर जारी रहेगा, जिसके माध्यम से गांव-गांव और बस्ती-बस्ती तक पहुंचकर स्वच्छता, जनजागरूकता एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## प्रफुल्ल बने सौंसर नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष

**सौंसर।** स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में सोमवार को नगर कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर चर्चा करना था। इसी अवसर पर वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में प्रफुल्ल कडू को नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।प्रफुल्ल कडू की नियुक्ति की घोषणा होते ही उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ नवनियुक्त अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों और वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए आगामी चुनावों और जनहित के मुद्दों को लेकर रणनीति साझा की। नेताओं ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। बैठक में विधायक विजय चौरे,जिला कांग्रेस प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जतन उईके,प्रितम पटेल विधानसभा प्रभारी,सुरेश कपाले,कांग्रेस नेता डॉ. राजेन्द्र यमदे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण चाके, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय ठाकरे, देवेंद्र केदार,अतुल जुननकर,ज्ञानेश्वर गावंडे,राजा बोढे विलास बुले,अमरीश जैस्वाल,डॉ. चन्द्रकांत काले, के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## साकेत राज साहू बने आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक



**छिंदवाड़ा :-** छिंदवाड़ा जिले के सिंगोड़ी ग्राम के होनहार युवक साकेत राज साहू ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक (**Office Superintendent**) के पद पर चयनित होकर पूरे सिंगोड़ी क्षेत्र सहित छिंदवाड़ा जिले का नाम रोशन किया है। इनके पिता नरेश साहू सिंगोड़ी के शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केंद्र में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ है एवं इनकी माता किरण साहू ग्रहणी है।जिनके मार्गदर्शन और संस्कारों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साकेत की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में, बल्कि पूरे सिंगोड़ी ग्राम सहित छिंदवाड़ा जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। उनकी यह सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी है, जो यह दर्शाती है कि निरंतर प्रयास,अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है।

# कटंगी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छात्राओं को जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण



**बालाघाट।** कटंगी जल गंगा संवर्धन गतिविधि एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (PHED) उपखण्ड कटंगी द्वारा 13 अप्रैल को उपखण्ड कार्यालय कटंगी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राजा भोज महाविद्यालय कटंगी की 16 छात्राओं को जल गुणवत्ता परीक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में विभाग की केमिस्ट सीमा मेश्राम, मीना पटले एवं नेमसिंग मर्सकोले द्वारा फील्ड टेस्ट किट (FTK) के माध्यम से पानी की जांच करने की विधि सिखाई गई। छात्राओं को मौके पर ही पानी के नमूनों की जांच कर उसकी शुद्धता परखने का अभ्यास कराया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित बीमारियों की रोकथाम करना और जमीनी स्तर पर जल गुणवत्ता की निगरानी को मजबूत बनाना है। अधिकारियों ने बताया कि FTK किट के उपयोग से अब तत्काल पानी की गुणवत्ता की जांच संभव है, जिससे समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, पीएच एवं बैक्टीरिया जैसी अशुद्धियों की पहचान करने के तरीके भी बताए गए। कार्यक्रम में मार्गदर्शन देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ जितेंद्र कारमेघे ने कहा कि एफटीके किट एक सरल, सुलभ और प्रभावी माध्यम है, जिसके जरिए गांव स्तर पर ही जल गुणवत्ता का परीक्षण किया जा सकता है। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक मोहिनी पटले सहित विभागीय स्टाफ मौजूद रहा। प्रशिक्षण के दौरान कुछ छात्राओं ने स्वयं मौके पर जल परीक्षण कर अपनी सीख का प्रदर्शन भी किया।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम 14 अप्रैल को

**बालाघाट।** भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम 14 अप्रैल को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 02 बजे आयोजित होगा, जिसमें बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद महोदया सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी शामिल रहेंगे।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के साथ ही जिले के विभिन्न विकासखंडों में भी समारोह आयोजित किए जाएंगे। बैहर के आंबेडकर पार्क, बिरसा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परसवाड़ा के आंबेडकर चौक, लांजी एवं किरनापुर जनपद पंचायत, वारासिवनी के ग्राम पंचायत रामपायली, खैरलांजी के खुर्सीपार, लालबर्रा के पनबिहरी और कटंगी के महकेपार में स्थानीय विधायक व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम होंगे।

## रटेगाँव और रजेगाँव में जल गुणवत्ता एवं स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित




**बालाघाट।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड लालबर्रा एवं किरनापुर के ग्राम रटेगाँव और रजेगाँव में पेयजल गुणवत्ता जांच एवं स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना और समुदाय को जागरूक बनाना रहा।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट द्वारा ग्राम पंचायत, स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट (FTK) के माध्यम से पेयजल के नमूनों की मौके पर ही जांच की गई। इस दौरान प्रशिक्षित FTK यूज़र्स ने स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के जल स्रोतों का परीक्षण कर पानी की गुणवत्ता का आकलन किया। कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें जल परीक्षण की प्रक्रिया एवं महत्व की जानकारी दी गई, जिससे वे भविष्य में स्वयं भी यह कार्य कर सकें।

FTK के जरिए पानी में क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड एवं pH जैसे महत्वपूर्ण मानकों की जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी जल नमूने में दूषण पाया जाता है, तो उसे विस्तृत परीक्षण के लिए निकटतम ब्लॉक या जिला स्तरीय प्रयोगशाला भेजा जाएगा। कार्यक्रम के तहत ग्राम के जल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षकों और महिलाओं ने मिलकर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

प्रशिक्षण के उपरांत ग्राम पंचायतों को FTK किट वितरित की गई, ताकि वे नियमित रूप से जल स्रोतों की जांच कर सकें और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड लालबर्रा एवं किरनापुर से ब्लॉक समन्वयक परमानन्द ठाकरे, श्रुति गजभिये एवं शीतल मिश्रा सहित खंड कार्यालय के पीएमयू प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

## वारासिवनी महाविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा के तहत व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम



**वारासिवनीद।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में प्रथम चरण के रूप में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के प्रावधानों पर व्याख्यान माला एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता कोल्हेकर, मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता दांदरे, विशिष्ट अतिथि श्रीमती रीता मिश्रा एवं डॉ. मिथिलेश्वरी घोरमारे उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक प्रो. सरिता नागवंशी, सह संयोजक प्रो. नरेन्द्र कुमार डोंगरे एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रक्षा निकोसे द्वारा संचालित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. रक्षा निकोसे ने 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता दांदरे ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के क्रियान्वयन पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शासन की विभिन्न नीतियों पर व्याख्यान दिया।

इस दौरान डॉ. मिथिलेश्वरी घोरमारे ने बच्चों को संस्कारवान बनाने में मां की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. सरिता कोल्हेकर ने अपने संबोधन में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' की विस्तृत जानकारी देते हुए समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. नरेन्द्र कुमार डोंगरे द्वारा किया गया, जबकि अंत में संयोजक प्रो. सरिता नागवंशी ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री कृष्णा पराते, डॉ. टीना बिसेन, श्रीमती हर्षिता मेश्राम, श्रीमती मनीषा सहारे, श्रीमती रश्मिबाला पारधी, सुश्री शिखा देवगीरकर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महिलाओं के अधिकारों, उनकी भागीदारी और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## सीएमएचओ डॉ. उपलप ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारी का निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



**बालाघाट।** क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारी में 13 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान टेबलेट Paracetamol 500 mg का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही ओपीडी में उपलब्ध दवाओं के स्टॉक, वितरण एवं खर्च से संबंधित रजिस्टरों के संधारण की जांच की गई और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने NCD (गैर-संचारी रोग) मरीजों के ओपीडी रिकॉर्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (CHO) को ओपीडी रजिस्टर का नियमित एवं विस्तृत रूप से संधारण करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आधार पर संस्थाओं की नियमित समीक्षा की जाती है, इसलिए रिकॉर्ड का सही एवं अद्यतन होना आवश्यक है। साथ ही CHO को संस्था में समय पर उपस्थित रहने और कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान श्री विनोद कामड़े, सेक्टर सुपरवाइजर एवं CHO उपस्थित रहे। यह निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने एवं मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### 14 अप्रैल से पैक्स समितियों में नवीन सदस्यता अभियान प्रारंभ

# डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जयंती से होगा अभियान प्रारंभः सीईओ बघेल

**बालाघाट।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ अभिनव सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल 2026 डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती से बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सकारी समितियों में नवीन सदस्य बनाने को लेकर अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

इस दौरान पैक्स समितियों को अधिक से अधिक नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री बघेल ने बताया कि प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक भोपाल द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार 14 अप्रैल 2026 को 131 पैक्स मुख्यालय पर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया जावेगा, 14 अप्रैल से 20 अप्रेल 2026 तक गैर सदस्य किसानों की पहचान कर पैक्स का सदस्य बनने हेतु जागरूक करना, 21 अप्रैल से 30 अप्रेल तक इच्छुक किसानों से आवेदन प्राप्त करना, 1 मई से 5 मई 2026 तक आवेदन का निराकरण एवं नियमानुसार बैठक आयोजित कर सदस्यों को सूचित करना तथा 6 मई से 15 मई तक नवीन सदस्यों को ऋण वितरण हेतु आवश्यक तैयारी किया जावेगा।

**लांजी में बैंक सीईओ और गढ़ी में प्रबंधक लेखा करेंगे शुभारंभ**

म.प्र. शासन द्वारा घोषित कृषण कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में 14 अप्रैल को 131 स्थानों में नवीन सदस्यता अभियान की शुरूआत की जावेगी। इसी तारतम्य में जिला बैंक मुख्यालय स्तर पर दो टीम बनाई गई है। जिसके चलते पैक्स समिति लांजी में अभिनव सिंह बघेल बैंक सीईओ, एम.एल. यादव विपणन अधिकारी एवं पैक्स समिति गढ़ी पी.जोशी प्रबंधक लेखा, बैंक मुख्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति में सदस्यता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक, पैक्स समितियों के कर्मचारियों उपस्थित रहेंगे। श्री बघेल ने जिले के सभी कृषको से अपने कार्यक्षेत्र के पैक्स समिति में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### जनगणना-2027: 16 से 30 अप्रैल तक चलेगा जनगणना का प्रथम चरण

भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना (Self Enumeration) प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने के लिए सभी शासकीय विभागों, अधीनस्थ कार्यालयों, अन्य संगठनों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है। जनगणना-2027 का प्रथम चरण 16 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। इस अवधि में अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले में भी 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक 15 दिवस की अवधि में स्व-गणना की प्रक्रिया संपादित की जाएगी। सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं आम जन से इस अवधि के दौरान स्वयं पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज करने की अपील की गई है तथा अपने परिवार के सदस्यों का विवरण भी सुनिश्चित रूप से भरने कहा गया है। स्व-गणना के लिए भारत सरकार द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध कराया गया है, जिसका लिंक है: https://se.census.gov.in है। इस ऐतिहासिक चरण में 16 से 30 अप्रैल के बीच नागरिक 'स्व-गणना' प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे।

### फार्मर आईडी अनिवार्य: पंजीयन हेतु जिले भर में विशेष कैंप आयोजित होंगे

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, म.प्र. शासन भोपाल के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद व्यवस्था एवं ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक प्राप्त करने हेतु सभी किसानों के लिए फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। शासन द्वारा माह अप्रैल 2026 तक जिले के समस्त किसानों की फार्मर आईडी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए बालाघाट जिले की सभी तहसीलों की ग्राम पंचायतों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। ये कैंप प्रत्येक सप्ताह बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार को आयोजित होंगे। कैंप का समय प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक एवं सायं 4:00 बजे से 6:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। पटवारी द्वारा कैंप की जानकारी के लिए मुनादी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक कैंप में पटवारी की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। पंचायत स्तर पर आयोजित कैंप के फोटोग्राफ, फार्मर आईडी की संख्या एवं कैंप लोकेशन की जानकारी तहसील स्तर पर संधारित कर नियमित रूप से साझा की जाएगी। कैंप की सतत निगरानी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की जाएगी। साथ ही तहसीलवार प्रगति की जानकारी नियमित रूप से संकलित कर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी ग्राम पंचायत में आयोजित विशेष कैंप में पहुंचकर शीघ्र अपनी फार्मर आईडी बनवाएं, ताकि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

# ग्राम पंचायत गढ़ी में पेयजल शुद्धता परीक्षण अभियान का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** बालाघाट जिले से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत गढ़ी द्वारा आज पटेल टोला, वार्ड क्रमांक 11 के सार्वजनिक कूप का जल नमूना लेकर पेयजल शुद्धता परीक्षण अभियान का शुभारंभकिया गया।

इस कार्यक्रम की पहल ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य गाँव के प्रत्येक परिवार तक शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की जानकारी पहुँचाना है।

इस परीक्षण कार्यक्रम में तामोहर फाउंडेशन फॉर विलेज डेवलपमेंट ने सहयोगी संस्था के रूप में

अपनी भूमिका निभाई। फाउंडेशन के टीम सदस्यों श्री बृजेन्द्र रंधवे, श्री पुष्पेंद्र रंधवे द्वारा जल जीवन मिशन की Multi Parameter Water Field Testing Kit (FTK) के माध्यम से कुएँ के पानी का परीक्षण किया गया तथा उपस्थित ग्रामवासियों को परिणामों की जानकारी सरल भाषा में दी गई।

सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पेयजल के रूप में उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक जल स्रोत की जाँच अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत गढ़ी में पेयजल शुद्धता परीक्षण की यह सुविधा ग्रामवासियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। सरपंच महोदया ने समस्त ग्रामजनों से अपील की कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएँ और अपने परिवार को जलजनित बीमारियों से सुरक्षित रखें। सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी ने तामोहर फाउंडेशन की पूरी टीम के सराहनीय योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी समय में भी फाउंडेशन ग्राम पंचायत गढ़ी के सर्वांगीण विकास में इसी प्रकार सहयोग करती रहेगी।





उल्लेखनीय है कि तामोहर फाउंडेशन फॉर विलेज डेवलपमेंट द्वारा माह अप्रैल 2026 में एक व्यापक जल जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम में सामुदायिक बैठकें आयोजित कर लोगों को जल संरक्षण, वर्षाजल संचयन, जल स्रोतों के पुनर्भरण (Recharge) तथा शुद्ध पेयजल के उपयोग एवं परीक्षण की महत्ता के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. अमित पाटिल का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस कार्यक्रम में सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी के अतिरिक्त वार्ड पंच श्रीमती उर्मिला रंधवे, वार्ड पंच श्रीमती सुनीता पटेल, ग्रामीण श्री उमेश पटेल, श्री विनोद रंधवे तथा पटेल टोला के अनेक महिला-पुरुष ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ज़िंदा रहो किताब का हुआ विमोचन

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** प्रदीप विश्वास ने जानकारी देते हुए बताया कि पाठकों के साथ यह साझा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि - उनकी दूसरी किताब रज़िंदा रहोर का हाल ही में विमोचन हुआ है। यह पुस्तक सिर्फ एक किताब नहीं, बल्कि एक सोच है-एक ऐसा संदेश जो हमें याद दिलाता है कि ₹सिर्फ सांसों का चलना जीवन नहीं है, हर दिन कुछ कर गुजरने का जज्बा ही जिंदगी है।₹


यह किताब तीन साधारण लोगों की असाधारण आत्मकथाओं का संग्रह है स्टेशन की एक रात The Last (आखरी) ओवर पापा यहाँ बहुत शोर है!

प्रदीप विश्वास कहते हैं ये कहानियाँ सिर्फ बातें नहीं- ये हिम्मत हैं, टूटकर संभलने की ताकत हैं, और खुद को बदलने का साहस हैं। उनका मानना है कि एक लेखक कभी पूरी कहानी स्वयं नहीं गढ़ पाता। हर भाव, हर संघर्ष, हर आँसू-ये सब उसे समाज से, लोगों की जिंदगियों से मिलते हैं

यह किताब उन साधारण लोगों को समर्पित है, जो असाधारण हिम्मत रखते हैं जो हर दिन जीते हैं, हर दिन लड़ते हैं, और फिर भी सपने देखना नहीं छोड़ते। क्योंकि सच्चाई यही है कि दुनिया की सबसे बड़ी कहानियाँ किसी मंच या महल में नहीं, बल्कि आम लोगों की साधारण जिंदगी में जन्म लेती हैं भीगी आँखों की कोरों में, थके हुए कंधों की झुकन में, और उन हौसलों में जो टूटकर भी नहीं टूटते ये कहानियाँ जन्म लेती हैं संघर्ष की धूल में, दर्द की खामोश परतों में, और उन मुस्कानों में जो आँसुओं को छुपाकर खिलती हैं प्रदीप विश्वास हृदय से उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी जिंदगी ने उन्हें सिर्फ प्रभावित ही नहीं किया, बल्कि भीतर तक प्रेरित भी किया यह किताब उन सभी








अनकहे चेहरों को समर्पित है-जिनकी सच्चाई ने शब्द दिए, जिनकी जिद ने हिम्मत दी, और जिनकी कहानियों ने इस किताब को जन्म दिया मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के ग्राम बेहरेई से आने वाले प्रदीप विश्वास एक HR Professional हैं। लेखन,

पब्लिक स्पीकिंग, मोटिवेशनल स्पीकिंग और स्टूडेंट्स कोचिंग उनके पसंदीदा क्षेत्र हैं जिंदा रहो अब Amazoan और Flipkart पर जिंदा रही उपलब्ध है। अगर आप भी जिंदगी को सिर्फ जीना नहीं, बल्कि महसूस करना चाहते हैं तो यह किताब आपके लिए है।

## परंपरा की अनूठी मिसाल: आदिवासी समाज में बैलगाड़ी से निकली बारात बनी आकर्षण का केंद्र

**हरिभूमि न्यूज़ उकवा।** आधुनिकता के इस दौर में जहाँ शादियाँ चमक-दमक, महंगे वाहनों और आधुनिक साधनों के साथ मनाई जा रही हैं, वहीं आदिवासी समाज ने अपनी समृद्ध परंपरा को जीवित रखते हुए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

क्षेत्र के ग्राम पिंडकेपार (उकवा) में आयोजित एक विवाह समारोह ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जब बारात पारंपरिक बैलगाड़ियों के माध्यम से निकाली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह विवाह वर नसीब पंन्द्रे, पिता मानिक राम पंन्द्रे, निवासी ग्राम पिंडकेपार (उकवा) एवं वधु उपासना उइके, पिता पतिराम उइके, निवासी ग्राम गुदमा के मध्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर दूल्हा एवं बाराती सजी-धजी बैलगाड़ियों में सवार होकर पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। ढोल-नगाड़ों और लोकगीतों की मधुर धुनों के बीच निकली यह बारात पूरे गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में आकर्षण का केंद्र बनी रही।

गौरतलब है कि पुराने समय में आदिवासी समाज में बैलगाड़ी प्रमुख आवागमन का साधन हुआ करती थी और विवाह जैसे शुभ अवसरों पर इसी माध्यम से बारात ले जाने की परंपरा प्रचलित थी। समय के साथ यह परंपरा धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही थी, लेकिन इस आयोजन ने एक बार फिर इसे जीवंत कर दिया।



इस अनोखी पहल को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने इस पारंपरिक विवाह की भूरि-भूरि प्रशंसा की। लोगों का कहना है कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर सर्व धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष जेम्स बारीक, उपाध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव नितिन कुमार, समाजसेवी संदीप गजभिये,अखिल खरड़े दानेश परिहार, अभय यादव, की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही बाबूलाल धुर्वे, सुंदर लाल घडेर, युवराज रावनेर, नारायण वरकडे, जयदेव वरकडे, राजेन्द्र घडेर, महेश घडेर एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

सभी ने इस पारंपरिक आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। यह विवाह केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और गौरव का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आया है। यह संदेश देता है कि आधुनिकता के बीच भी अपनी विरासत को सहेजकर रखना ही हमारी असली पहचान है।

## लांजी में महात्मा ज्योतिबा फुले-डॉ. आंबेडकर संयुक्त जयंती पर विचार संगोष्ठी आज

**लांजी।** ओबीसी, एससी, एसटी एकता परिषद लांजी के तत्वाधान में 14 अप्रैल, मंगलवार को महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर की संयुक्त जयंती के अवसर पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गोंडवाना सामुदायिक भवन, लांजी में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार, इस संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के विचारों को मजबूत करना है। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकरदासजी धारने (से.नि. बी.ई.ओ.) करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन विचारक देवाजी रामटेके उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त सूबेदार महार रेजिमेंट के हुलासराम



सिरामे कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में कई अन्य विशेष अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है, जिनमें सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हैं। इनमें मानिकलालजी पांचे, विजय वारे, राजकुमार नागेश्वर, विजय हटिले, पवन कश्यप, शेषराम धारने, ऋषिकेश घोरमारे, बी.आर. नाईक, संजू मेंढे, धनीराम इनवाती, सहित कई प्रमुख नाम शामिल हैं।महिला प्रतिनिधित्व को भी कार्यक्रम में विशेष स्थान दिया गया है। महिला प्रतिनिधियों में श्रीमती मोतेश्वरी जामरे, श्रीमती जशवंता शिवलिय, श्रीमती हसीना वाहने, अधिवक्ता डॉ. निलोफर खान, श्रीमती ललिता संजय धारने और मा. श्रीमती पद्मा राजेन्द्र घोरमारे की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आयोजक समिति में डॉ. दिलीप जामरे, ईश्वर मानकर, दिनेश पंचेश्वर, विजय सोनवाने सहित कई सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करने की अपील की है।

## नशे में रफ्तार बनी हादसे की वजह: बाइक खेत में गिरी, दो युवक गंभीर घायल

### कटंगी-आमगांव मार्ग पर देर रात घटी दुर्घटना



**हरिभूमि न्यूज़ लांजी।** क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार रात करीब 10 बजे ग्राम कटंगी-आमगांव रोड पर घटी, जब तेज रफ्तार और नशे की हालत में चल रही बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। जानकारी के अनुसार, जितेंद्र चौधरी पिता देवराम 40 वर्ष, निवासी लांजी बाजार चौक, अपने साथी उमाशंकर धारने पिता रूपचंद 30 वर्ष, निवासी रामपुर लांजी के साथ बाइक से लांजी से रामपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों युवक सीधे खेत में जा गिरे। हादसा इतना गंभीर था कि दोनों को गंभीर चोटें आईं और वे मौके पर ही घायल अवस्था में पड़े रहे।

### राहगीर की मदद से बची जान

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इसी दौरान कटंगी निवासी प्रतीक देवगढ़े ने तत्परता दिखाते हुए अपने निजी वाहन से दोनों घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दोनों युवक शराब के नशे में थे। बताया जा रहा है कि उमाशंकर धारने के घर में छठी का कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने के बाद वे लौट रहे थे। नशे की हालत में वाहन चलाना ही हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि नशे में वाहन चलाना कितना खतरनाक हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्ती बरतने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# नारी शक्ति की सहभागिता, समृद्ध भारत की सफलता: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

### नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का मातृशक्ति ने देखा आंखों देखा हाल

**बालाघाट।** विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रेरणादायी संबोधन कल भाजपा जिला कार्यालय में जिले की गणमान्य मातृशक्ति, जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारियों ने एक साथ भव्य स्क्रीन में श्रवण कर आंखों देखा हाल देखा। इस अवसर पर सांसद भारती पारधी, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश रंगलानी, सत्यनारायण अग्रवाल, राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, राजकुमार रायजादा, महेन्द्र सुराना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी, मीना राहंगडाले, वंदना बारमाटे, श्वेता जैन, गरिमा गौतम, दिपिका बिसेन, पूनम गोरले, मीनाक्षी हरिनखेरे, रक्षा हरिनखेरे, रितु मोहारे, सरिता सोनेकर, जिला महामंत्री संजय मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अनिल धुवारे, गोपाल आडवाणी, जितेन्द्र सिंह मोहारे, जिला मंत्री सुधीर चौधरी, कन्हैया चौहान, जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर, जिला मीडिया सह प्रभारी जितेंद्र चौधरी, जिला कार्यालय मंत्री सुमित यादव, अजय मिश्रा, राजेश पाठक, राकेश सेवईवार, विशाल मंगलानी, राजेश लिल्हारे, जैनेन्द्र कटरे, सिद्धांत पाटिल, अमन गांधी, भुवन राहंगडाले, संतोष सिंगारे, खिमेन्द्र गौतम, सिद्धार्थ वाजपेई उपस्थित रहे। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर ने दी।

### नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की धुरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति को राष्ट्र निर्माण की सशक्त धुरी बताते हुए उनके सम्मान, सुरक्षा, सहभागिता और सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया। इसी कड़ी में देश की भावनाओं और मातृशक्ति को सम्मान स्वरूप नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत नारी शक्ति की सहभागिता, समृद्ध भारत की सफलता साबित होगी।



### आत्मनिर्भर भारत को नई ऊर्जा : भारती पारधी

इस अवसर पर सांसद भारती पारधी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और संवेदनशील नेतृत्व न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देता है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को भी नई ऊर्जा, दिशा और गति प्रदान करता है। अभिप्रेत नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम होगा, जिसका देश की आबादी को बेसब्री इंतजार था, जो अब जाकर पूरा होगा।

### परिवार से लेकर संसद तक मातृशक्ति का सशक्त नेतृत्व: रामकिशोर कांवरे

संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का संकल्प अब हकीकत बनने जा रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति अब देश के विकास की मुख्यधारा का नेतृत्व करेगी। यह कहते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने कहा, इस दृढनिश्चय क़दम की जितनी भी तारीफ की जाएं उतनी ही कम होगी। लिहाजा अब परिवार से लेकर संसद तक मातृशक्ति का सशक्त नेतृत्व होगा।